पेपर नं . २

१. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर छः वाक्यों मे लिखिए । (१२)

१. हीरा और मोती के पारस्परिक प्रेम का वर्णन कीजिए ।
२. 'बचपन के वे दिन' के आधार पर पट्टी पूजन संस्कार का वर्णन कीजिए ।
३. धुमक्कड दुनिया की सर्वश्रेष्ठ विभूति कैसे हैं ?
४. सोमाबुआ किन चीजों को बडे जतन से सन्दूक में रखने लगी ? क्यों ?
५. सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए । (६)

१. सोना हिरनी की मृत्यु कैसे हुई ?
२. रानी लक्ष्मीबाई पराजय में भी किस प्रकार विजयीनी लगती थी ?
३. विनोबा गदा और चक्र का अर्थ क्या बताते हैं ?
४. फौजी की आँखों में आँसू कब आ गए ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. भैरो को बैलों से आत्मीयता क्यों हो गई थी ?
२. ''कलंक का बोझा'' में लेखक की क्या प्रार्थना है ?
३. मगध का विजयी सम्राट किससे हार गया ?

२. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए । (९)

१. कविने पंचवटी के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ?
२. राजा जनक ने व्याकुल होकर क्या कहा ?
३. रहीम याचकता के विषय में क्या कहते हैं ?
४. कवि दुष्यंतकुमार नदी और नदीकी धार के विषय में क्या कहते हैं ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए । (६)

१. खेतों में चाँदी की सी जाली कैसे बनती है ?
२. शिव-धनुष के बारे में लक्ष्मण ने क्या कहा ?
३. सतपूडा के जंगल क्या क्या सहन करते हैं ?
४. रहीम किन लोगों को मरा हुआ मानते हैं ? क्यों ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. श्यामल भूतल पर कौन झुका है ?
२. पुराने-सिंहासन की प्रतिमाएँ टूट रही हैं । कवि ऐसा क्यों कहते हैं ?
३. आकाश सी छाती से क्या तात्पर्य है ?

(ड) काव्यपूर्ति कीजिए ।

(३)

इस नदी की धार ..... गाती तो है ।

३. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए । (४)

१. पगडी उछालना २. टाँग अडाना ३. दामन फैलाना

(ब) निम्नलिखित कहावतों में से किसी एक का अर्थ स्पष्ट कीजिए । (२)

१. महिमा घटी समुद्र की, रावण बसा पडोस ।

२. नाच ने जाने आँगन टेढा ।

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो की भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए । (१)

१. शैतान २. स्वस्थ ३. फैलना

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विशेषण बनाइए । (१)

१. दाढी २. नोक ३. नरक

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के कर्तृवाचक संज्ञाएँ बनाइए । (१)

१. भजन २. मुलाजमत ३. मर्म

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. आगमन २. धूप ३. सुमन

(उ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के समानार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. गरूर २. कोष ३. अभिशाप

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो की लिंग पहचान कीजिए । (१)

१. शरण २. मिर्च ३. आहट

(ए) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो की लिंग परिवर्तन कीजिए । (१)

१. सम्राट २. कवि ३. बाबू

(ऐ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों में से किन्हीं दो समासों के नाम बताइए । (१)

१. कमजोर २. महारानी ३. सप्ताह

(ओ) निम्नलिखित शब्द समुहों में से किन्हीं दो शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए । (१)

१. कम या ज्यादा । २. वन में लगनेवाली आग । ३. जाला बनानेवाला कीडा ।

(औ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का सूचनानुसार परिवर्तन कीजिए । (५)

१. चौधरी का नाक कट गया । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

२. वह घोडे से उतरा । (कारक ढूँढकर लिखिए)

३. ''बेग मिलो'' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

४. 'उपेक्षा' और 'अपेक्षा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

५. जहाँ मौत ..... वहीं जाती हूँ । (मिलना क्रिया का योग्य रूप लिखिए)

६. तुम आ रहे थे तब मैं जा रही थी । (सामान्य भूलकाल में बदलिए)

७. वह मेरा ..... साथी है । (निकट के श्रेष्टतावर्धक रूप से पूर्ति कीजिए)

८. भूख से प्रेरित चोरी भी करते हैं । (प्रश्नार्थ वाक्य में बदलिए)

४. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २०० शब्दों में निबंध लिखिए । (१२)

१. शिक्षक की आत्मकथा.
प्रस्तावना - बचपन - शिक्षा - व्यवसाय को ढूँढना - शिक्षक जीवन के अनुभव - समाज में स्थान - उपसंहार

२. भूकंप की विनाशलीला.
प्रकृति का रूप - भूकंप से विनाश - भूकंप के कारण इमारतों का नाश - सभी स्थानों पर असर - मानव शक्ति - सभी एक मानव

३. पर्यावरण में वृक्षारोपण का महत्व.
पर्यावरण का महत्व - मनुष्य के लिए वृक्ष उपकारक - वृक्षारोपण एक उपकार कार्य - वृक्षारोपण के अनेक लाभ - पर्यावरण की शुद्धता - वैज्ञानिक और भौगोलिक दृष्टि से उसकी विशेषता - उपसंहार

४. हमारे राष्ट्रीय त्यौहार.
राष्ट्रीयता की भावना - राष्ट्रीय त्यौहार - प्रधानमंत्री - तिरंगा को सलामी - गांधी जयंति - शहीद दिन - शैक्षणिक संस्थाओं में समारोह - राष्ट्रगीत - राष्ट्रीय भावना - मिल जुलकर मनाना ।

(ब) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए और सीख भी लिखिए । (८)

एक सुहावना वन - इन्द्र का आगमन - वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर भगवान खुश - आश्चर्य - एक सुखे वृक्ष पर दु:खी तोता - प्रश्न, ''हरे भरे वृक्षों को छोडकर इस वृक्ष पर क्यों ?'' - उत्तर, ''यह वृक्ष भी पहले हराभरा और फल-फूलों से संपन्न था, अब दुर्दिन में साथ कैसे छोडुं ?'' - भगवान का वरदान - बोध ।

५. (अ) (१) निम्नलिखित विधानों की पूर्ति के लिए दिये गए पर्यायों में से किसी एक को चुनकर पूरा वाक्य लिखिए । (२)

१. जो लडाई में ज्यादा आदमियों को मारता है, उसे इनाम और प्रतिष्ठा दिया जाता है, क्योंकि ...
- ऐसा करना वहाँ बहादूरी समझा जाता है ।
- उसके साथ ऐसी शर्त लगी थी ।
- मारना बहादूरी का काम नहीं है ।

२. अकाल में कई दिनों तक कानी कुतिया परिवार के लोगों के साथ सोई, क्योंकि ...
- कुतिया बहुत प्यारी थी ।
- सब उसे अपने पास ही सुलाते थे ।
- भूख के कारण वहभी कमजोर हो गई थी ।

(२) निम्नलिखित विभाग 'अ'में पाठ के नाम दिए हैं और विभाग 'ब' में लेखकों के नाम लिखे हैं । पाठ का नाम लिखकर उसके सामने लेखक का सही नाम लिखिए । (२)

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. दो बैलों की कथा	१. भगवतीचरण वर्मा

२. धुमक्कड धर्म २. प्रेमचंद
३. राहुल सांकृत्यायन ४. जैनेन्द्रकुमार

(३) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पात्रों के नाम दिए गए हैं । विभाग 'ब' में पात्रों की उक्तियाँ दी गई हैं । (२)

सही पात्र का नाम लिखकर उसके सामने उक्ति लिखिए ।

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. रुस के लोग विश्वयात्री ईरान के लोग	१. शुमा गल्ला-व-गल्ला खुर्दन ।
२. लेखक सूरदास कबीर	२. निंदा सबद रसाल ।

(ब) निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर उसके संबंध में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए । (६)

गीता जीवन की कला सीखाती है । जब मैं देखता हूँ कि हमारा समाज आज हमारी संस्कृति के मौलिक सिद्धांतों की अवहेलना करता है । तब मेरा हृदय फटता है । आप चाहें जहाँ जाएँ परंतु संस्कृति के मौलिक सिद्धांतों को साथ रखें । संसार के सारे सुख क्षणभंगुर एवं अस्थायी होत हैं । वास्तविक सुख हमारी आत्मा में ही है । चरित्र नष्ट होने से मनुष्य का सब कुछ नष्ट हो जाता है । संसार के राज्य पर विजयी होने पर भी आत्मा की हार सबसे बडी हार है । यही है हमारी संस्कृति का सार, जो अभ्यास द्वारा सुगम बनाकर कार्यरूप में परिणत किया जा सकता है ।

प्रश्न :

१. लेखक हृदय कब फटता है ?
२. लेखक हमसे किस बात का हंमेशा ध्यान रखने के लिए कहता है ?
३. संसार के सारे सुख कैसे होते हैं ?
४. मनुष्य का सब कुछ कब नष्ट हो जाता है ?
५. संस्कृति का सार क्या है ?
६. इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए ।

(क) निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर अपनी मातृभाषा में अनुवाद कीजिए । (८)

धुमक्कडी वही कर सकता है जो निश्चिंत है । धुमक्कडी के लिए चिंताहीन होना आवश्यक है और चिंताहीन होने के लिए धुमक्कडी भी आवश्यक है । दोनों का अन्योन्याश्रय होना दूषण नहीं, भूषण है । धुमक्कडी से बढकर सुख कहाँ मिल सकता है ? आखिर चिंताहीनता तो सुख का सबसे स्पष्ट रूप है । धुमक्कडों में कष्ट भी होते है, लेकिन उन्हें उसी तरह समझिए जैसे भोजन में मिर्च । मिर्च में यदि कडवाहट न हो, तो क्या कोई मिर्च प्रेमी उसे हाथ भी लगाएगा ? वस्तुत: धुमक्कडों में कभी कभी होनेवाले कडवे अनुभव उसके इस को बढा देते है, उसी तरह जैसे काली पृष्ठभूमि में चित्र अधिक खिल उठता है ।

F F F F F